# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक : BRLPS/LSBA/Proj/18/17/193 दिनांक : 03.08.2020

प्रेषक,

**बालामुरूगन डी०, भा०प्र०से०**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक ।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार ।

**विषय:** **ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु IIT पटना से प्राप्त सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण संबंधी मॉडल के प्रेषण के संबंध में।**

**प्रसंग :** **इस कार्यालय का पत्रांक BRLPS/LSBA/Proj/18/17/31 दिनांक 12.05.2020 एवं पत्रांक BRLPS/LSBA/Proj/18/17/84 दिनांक 09.06.2020.**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि पेयजल एवं स्वचछता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक S-11011/3/2020-SBM दिनांक 18.04.2020 के आलोक में इस कार्यालय का पत्रांक 31 दिनांक 12.05.2020 एवं पत्रांक 84 दिनांक 09.06.2020 के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 (दिनांक 01.04.2020 से) में Financial Assistance की राशि तीन लाख (3.0 लाख) रूपये किए जाने संबंधित निदेश दिया गया था।

इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त के साथ किये गये विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान इसके क्रियान्वयन संबंधित किये गये पृच्छा के आलोक में विस्तृत स्पष्ट निदेश दिया जा चुका है। वर्तमान में IIT पटना द्वारा नये प्रावधान के अनुरूप सामुदायिक स्वच्छता परिसर का मॉडल तैयार किया गया जिसमें 2+2 यूनिट के महिला/पुरूष शौचालयों (कुल 4 यूनिट शौचालयों), दो बाथरूम, वाशिंग प्लेटफॉर्म, सोलर पैनल एवं विद्युत व्यवस्था प्रावधानित किए गए हैं एवं जिसकी कुल लागत तीन लाख रूपये है। इस मॉडल को सुलभ प्रसंग हेतु संलग्न किया जा रहा है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक : यथोक्त।

3/8/2020

(बालामुरूगन डी०)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/Proj/18/17/193 दिनांक : 03.08.2020

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वचछता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/07/2020

(बालामुरूगन डी०)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/Proj/18/17/193 दिनांक : 03.08.2020

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

30/07/2020

(बालामुरूगन डी०)